(घ) उपरोक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

एम॰सी॰पी॰सी॰ के जरिए जोड़े गए केन्द्रों की सूची और उनकी क्षमता

क्रम सं॰	स्थान का नाम	जिला	टेलीफोन एक्सचेंज की संस्थापित क्षमता	प्रदान किये गये टेलीफोन कनेक्शन
1.	बैहार	बालघाट	184	156
2.	आकाशनगर	बस्तर	272	165
3.	बचेली	बस्तर	376	346
4.	दंतेवाडा	बस्तर	184	160
5.	किरानदुल	बस्तर	440	353
6.	पेंडरा रोड	बिलासपुर	364	265
7.	डिंडोरी	मंडला	372	187
8.	शाहपुरा	मंडला	184	121
9.	देवभोग	रायपुर	88	24
10.	मैनपुर	रायपुर	86	12
11.	अंबागढ़ चौकी	राजनन्द गांव	184	95
12.	मोहल्ला	राजनन्द गांव	88	55
13.	बेवहारी	शाहडोल	264	240

सी॰-डॉट के विकास पर खर्च की गई धनराशि

1792. **श्री दिलीप सिंह जूदेवः** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 1990-91 से 1995-96 के दौरान सरकार द्वारा सी-डॉट टेलीफोन प्रणाली के विकास पर वर्ष-वार कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ख) इस अवधि के दौरान इस प्रणाली के अंतर्गत विकसित केन्द्र किन-किन स्थानों पर स्थापित किए गए हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सी॰-डॉट प्रणाली द्वारा तैयार किए गए यंत्रों के अलावा विदेशों से कितने उपकरण आयात किए गए और स्थापित किए गए; और

(घ) सी॰-डॉट यंत्रों का निर्यात किए जाने संबंधी ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) 1990-91 से 1995-96 तक सरकार द्वारा सी-डॉट टेलीफोन प्रणाली के विकास पर खर्च की गई राशि के वर्ष-वार ब्यौरे विवरण-I में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) इस अवधि के दौरान मार्च, 1996 तक सी-डॉट द्वारा विभिन्न क्षमताओं के लिए विकसित उपकरणों (एक्सचेंजों) को 13,759 स्थानों पर संस्थापित किया जा चुका है।

(ग) उक्त अवधि के दौरान, सी-डॉट प्रणाली द्वारा निर्माण किए जाने के अलावा, विदेशों से 58,000 उपस्कर लाइनें आयात एवं संस्थापित की गई हैं।

(घ) सी-डॉट उपकरणों (एक्सचेंजों) के निर्यात संबंधी ब्यौरे विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण—I

सी-डॉट एक्सचेंजों के विकास पर खर्च की गई राशि के वर्ष-वार ब्यौरे

वर्ष	कुल खर्च	प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) / रायल्टी से आय	मंत्रालय से निवल निधियन
1990-91	21.16	1.82	19.34
1991-92	25.65	4.12	21.53
1992-93	41.81	6.71	35.10
1993-94	54.34	10.15	44.19
1994-95	46.70	10.30	36.40
1995-96	49.35	10.67	38.68

टिप्पणी: आंकड़े करोड़ रुपए में हैं।

विवरण—II

सी-डॉट उपकरणों का निर्यात

देश का नाम	निर्यात किए गए एक्सचेंजों की संख्या
वियतनाम	250
बंगलादेश	150
नेपाल	40
ईथोपिया	1
यूगाण्डा	1
घाना	1
अंगोला	1
नामिबिया	1
नाइजिरिया	1
यमन	1
रूस	1

Villages Without Telephone Facilities in Haryana

1793. SHRI RAMJI LAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the district-wise number of villages where telephone facilities are not available;

(b) the basis on which villages were